Title: Need for early construction of a rail overbridge at Palanpur, Gujarat.

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा के मुख्यालय पालनपुर में 30 साल पहले एक रेलवे उपरिपुल बनाया गया था, परन्तु तीस साल के बाद यातायात में काफी वृद्धि हुई है जिसके कारण यातायात में अनावश्यक भीड़-भाड़ होती है एवं एक्सीडेंट भी आए दिन होते रहते हैं। गुजरात सरकार ने इस रेलवे उपरिपुल को चौड़ा करने के लिए एक प्रस्ताव भेजा था एवं इस प्रस्ताव की स्वीकृति के बाद दो र्वा पूर्व 50 प्रतिशत लागत व्यय के रूप में दो करोड़ रुपए भी रेलवे को भेज दिए हैं, परन्तु अभी तक इस रेलवे उपरिपुल का निर्माण नहीं हुआ है जिसके कारण एक ओर तो इस उपरिपुल की लागत बढ़ रही है एवं ओर लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है जो लोकहित में नहीं है। अतः सदन के माध्यम से मेरा अनुरोध है कि इस पुल का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाए।